Title: Need to inform the House about the number and condition of the Indian prisoners in jails of Pakistan and to take steps to stop inhuman torturers on them.

श्री धर्म राज सिंह पटेल (फूलपुर) : महोदय, मैं भारत सरकार का ध्यान पाकिस्तान की जेलों में बन्द भारतीय नागरिकों की ओर खींचना चाहता हूं। अभी कुछ ही दिन पहले पाकिस्तान की जेलों में बन्द भारतीय नागरिकों की अदला-बदली हुई है और रूपचन्द पाल नामक व्यक्ति जेल से छूटा है । उसने बयान दिया है कि 14 लोग अभी-अभी पाकिस्तान की जेलों में हैं और उनके साथ अमनुाकि व्यवहार किया जा रहा है । मैं भारत सरकार से मांग करता हूं कि इस बात का पता लगाया जाए कि पाकिस्तान की जेलों में कितने लोग बन्द हैं और उनके साथ हो रहे अमानुाकि व्यवहार पर रोक लगवाई जाए तथा इसकी जानकारी सदन को दी जाए ।